# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी०आर० 97/2024

**स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा, 2024 (प्रथम) अंतर्गत दिनांक 27.02.2024 की द्वितीय पाली की स्थगित परीक्षा दिनांक 06.03.2024 को आयोजित होने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.02.2024 के द्वितीय पाली की सक्षमता परीक्षा, 2024 (प्रथम) अपरिहार्य तकनीकी कारणवश स्थगित की गयी थी। **उक्त पाली में आवंटित अभ्यर्थियों की परीक्षा दिनांक 06.03.2024 को पुनर्निर्धारित की गई है।**

2. संबंधित अभ्यर्थियों, अर्थात् जिनकी परीक्षा दिनांक 27.02.2024 के द्वितीय पाली में निर्धारित थी, की पुनर्निर्धारित परीक्षा का प्रवेश पत्र **दिनांक 03.03.2024** को समिति की वेबवसाईट **https://www.bsebsakshamta.com** पर अपलोड रहेगा। संबंधित अभ्यर्थी अपनें यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड का उपयोग कर उक्त प्रवेश पत्र डाउनलोड करना सुनिश्चित करेंगे। **तत्पश्चात् डाउनलोड किए गए प्रवेश पत्र को अपने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) से प्रतिहस्ताक्षरित कराकर ही निर्धारित परीक्षा केन्द्र/समय पर परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु उपस्थित होंगे।**

परीक्षा नियंत्रक (विविध)

Scanned with CamScanner